हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 10 अंक : 273 | शुक्रवार, 29 अप्रैल, 2022 | मूल्य : एक रुपया | पृष्ठ : 08



चम्पावत का चप्पा चप्पा बोल उठा धामी धामी 3

## राजभवन में हुई चार धाम यात्रा पर बड़ी बैठक

# यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा पर राज्यपाल ने दिए निर्देश

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने चारधाम यात्रा की तैयारियों के संबंध में शासन के उच्चाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में शासन के उच्चाधिकारियों के साथ डी.जी.पी व संबंधित विभागों के विभागाध्यक्ष उपस्थित थे।

राज्यपाल ने कहा कि चारधाम यात्रा उत्तराखंड की सामाजिक, सांस्कृतिक व्यवस्था की पहचान है। सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा का पूर्ण ध्यान रखा जाए। स्थानीय नागरिक चारधाम यात्रा के अभिन्न अंग हैं, उनकी भागीदारी के बिना यह यात्रा संभव नहीं है। होटल वाले, गाड़ी वाले एवं छोटी दुकान वाले इस यात्रा के महत्वपूर्ण भागीदार हैं। उन्होंने सभी की सुविधाओं को पूर्ण ध्यान रखने के निर्देश दिए।





राज्यपाल ने कहा कि यात्रा के दौरान तकनीक का प्रयोग करते हुए वैल्यू एडिशन करें। तकनीकी जिनमें मोबाइल एप, ड्रोन व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस शामिल हैं उसके माध्यम से यात्रियों को सुविधाएं दी जाएं। यात्रा के माध्यम से स्थानीय उत्पादों विशेषकर महिला समूह के उत्पादों को बाजार मुहैया कराया जाए। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी शब्द टूरिज्म में OUR यानी हमारा शब्द छिपा है इस पर ध्यान देना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि यह 9 से 5 की ड्यूटी नहीं है इसमें पूर्ण समर्पण की भावना के साथ कार्य किया जाना चाहिए।

सचिव चिकित्सा राधिका झा ने बताया कि यात्रा मार्गों पर डॉक्टरों की तैनाती रोटेशन के आधार पर की जा रही है।

उन्होंने बताया कि कॉडियोलॉजिस्ट की समस्या के समाधान के रूप में फिलहाल 35 चिकित्सकों को हृदय रोगियों के प्राथमिक उपचार के लिए प्रशिक्षण दिया गया है। यात्रा अवधि में टेलिमेडिसीन की सेवाएं भी ली जायेंगी। सचिव पेयजल नितेश झा ने बताया कि यात्रा मार्गों में इस बार 100 वाटर ए.टी.एम स्थापित किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिकता है। सचिव आपदा प्रबंधन डॉ. रंजीत सिन्हा ने बताया कि यात्रा मार्गों पर तहसील आपदा प्रबंधन केन्द्र सक्रिय हैं। स्थानीय नागरिकों में से लोगों को आपदा मित्र की ट्रेनिंग दी जा रही है।

सचिव पर्यटन दिलीप जावलकर ने बताया कि श्रद्धालुओं के लिए रजिस्ट्रेशन एंड टूरिस्ट केयर वेब पोर्टल संचालित किया जा रहा है। श्रद्धालु मोबाइल एप व वेब पोर्टल या भौतिक रूप से स्थापित कियोस्क के माध्यम से अपना पंजीकरण कराकर यात्रा प्रारंभ कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि पयर्टन की वेबसाइट को अन्य विभागों की सेवाओं के साथ जोड़ने का कार्य चल रहा है।

बैठक में अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, एवं आनंद वर्द्धन, प्रमुख सचिव आर.के.सुधांशु, डी.जी.पी. अशोक कुमार, सचिव श्री राज्यपाल, डा. रंजीत सिन्हा, सचिव पर्यटन दिलीप जावलकर, सचिव चिकित्सा राधिका झा, सचिव पेयजल नितेश झा, सचिव परिवहन अरविंद सिंह ह्यांकी, सचिव खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति बी.एस.मनराल, महाप्रबंधक जी.एम.वी.एन स्वाती एस.भदौरिया, महानिदेशक सूचना रणवीर सिंह चौहान के साथ ही पुलिस एवं शासन के उच्चाधिकारी व विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे।

# पहले मंत्री अब आईएएस, डॉक्टर और दो छात्र कोरोना संक्रमित, देवभूमि में फिर हड़कंप

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

एक तरफ यात्रा की तैयारी , दूसरी तरफ पर्यटन सीजन का आगाज़ और इस बीच एक बार फिर महामारी कोरोना की तेज़ होती रफ़्तार .... जी हाँ , देहरादून में कोविड एक बार फिर रफ्तार पकड़ने लगा है.... देहरादून में बुधवार को कोविड पॉजिटिव मरीजों की संख्या 18 रही.... पूरे प्रदेश में 24 कोरोना पॉजिटिव मरीज आए हैं... कोरोना का संक्रमण स्कूलों में भी पहुंच गया है.... देहरादून के एक बड़े स्कूल के दो छात्र कोरोना संक्रमित पाए गए हैं... दो स्कूली छात्र कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के बाद एहतियातन स्कूल में बाहरी लोगों की एंट्री बंद कर दी गई है... देहरादून के स्कूल को सैनिटाइज किया जा रहा है... इससे पहले देहरादून के एक स्कूल की छात्रा कोरोना पॉजिटिव पाई गई थी...





सचिवालय में कोरोना ने मारी एंट्री - सचिवालय के एक आईएएस अधिकारी कोरोना संक्रमित हो गए है... इसके साथ ही CMO कार्यालयमें एक डॉक्टर भी कोविड पॉजिटिव मिले हैं। अकेले देहरादून में बुधवार को कोरोना संक्रमित लोगों की संख्या 18 रही.... वहीं कोरोना संक्रमण की रफ्तार को देखते हुए जिलाधिकारी की ओर से देहरादून में मास्क अनिवार्य कर दिया गया है... राजधानी में जो शख्स मास्क नहीं पहनेगा उस पर 500 रुपए का जुर्माना भी लगा दिया जाएगा... लेकिन सड़कों पर लापरवाही भी खूब नज़र आ रही है।

कोविड के जिला सर्विलांस अधिकारी डॉक्टर राजीव दीक्षित ने मीडिया को बताया कि देहरादून में एक बड़े स्कूल के दो छात्र भी कोरोना पॉजिटिव आए हैं... इसके साथ ही सचिवालय के एक आईएएस अधिकारी भी कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं... कोरोना ने स्वास्थ्य महकमे में भी घुसपैठ की है... CMO कार्यालय के एक डॉक्टर की जांच रिपोर्ट भी कोविड पॉजिटिव आई है. वहीं इन सभी लोगों को आइसोलेट कर उपचार किया जा रहा है... बताया गया है कि इन कोरोना पॉजिटिव मरीजों में से कुछ को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती किया गया है.. कुछ को घर पर ही आइसोलेट कर एहतियात बरती जा रही है... उत्तराखंड की बात करें, तो यहां पर पिछले दो-तीन दिनों से कोरोना के केसों में इजाफा देखने को मिला है...

बुधवार को मिले 24 संक्रमितः उत्तराखंड में 24 घंटे के भीतर कोरोना के 24 नए मरीज मिले हैं... जबकि, 27 मरीज स्वस्थ होकर घर लौटे हैं. वहीं, एक्टिव केस की संख्या 80 पहुंच गई है... राहत की बात ये है कि पिछले 24 घंटे में एक भी कोरोना मरीज की मौत नहीं हुई है... प्रदेश में सैंपल पॉजिटिविटी रेट की बात करें तो 1.42% है... पर्यटन आने लगे हैं उसमें कोरोना की जांच में बेहद सतर्कता और तेज़ी की ज़रूरत है जिससे इस महामारी पर काबू पाया जा सके।

## राष्ट्रव्यापी कोविड टीकाकरण के तहत अब तक 188.40 करोड़ से अधिक लगे टीके

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत का कोविड-19 टीकाकरण कवरेज आज सुबह 7 बजे तक अंतिम रिपोर्ट के अनुसार 188.40 करोड़ (1,88,40,75,453) से अधिक हो गया। इस उपलब्धि को 2,31,86,439 टीकाकरण सत्रों के जरिये प्राप्त किया गया है।

12-14 आयु वर्ग के लिए कोविड-19 टीकाकरण 16 मार्च,2022 को प्रारंभ हुआ था। अब तक 2.78 करोड़ (2,78,64,432) से अधिक किशोरों को कोविड-19 टीके की पहली खुराक लगाई गई है। समान रुप से 18-59 आयु वर्ग के लिये प्रीकॉशन खुराक 10 अप्रैल,2022 को प्रारंभ की गई।

भारत में सक्रिय मामले आज 16,980 हैं। सक्रिय मामले, कुल पॉजिटिव मामलों के 0.04 प्रतिशत हैं। नतीजतन, भारत में स्वस्थ होने की दर 98.74 प्रतिशत है।पिछले 24 घंटों में 2,563 रोगियों के ठीक होने के साथ ही स्वस्थ होने वाले मरीजों (महामारी की शुरुआत के बाद से) की कुल संख्या बढक़र 4,25,28,126 हो गई है।

# सैलानियों के लिए जिम कॉर्बेट में तैयार हुई रंगीन तितलियों से भरी अनोखी दुनिया

न्यूज़ वायरस नेटवर्क


अगर कोई सैलानी उत्तराखंड आ रहा है तो उसका पहला प्रयास होता है दुनिया भर में मशहूर जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क में सैर सपाटा करना .... एक ऐसी दुनिया जहां रोमांच और थ्रिल होता है और होती है बेजुबान पशुओं की चहलकदमी ... अब इसमें शामिल हो गया है रंगीन तितलियों का कारवां

अब पर्यटक सिर्फ बाघों का ही नहीं, बल्कि तितलियों का भी दीदार कर पाएंगे. पर्यटकों के लिए कॉर्बेट पार्क में बने बटरफ्लाई पार्क खोल दिया गया है. कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में बना बायोडायवर्सिटी पार्क पर्यटकों के लिए समर्पित कर दिया गया है....

बता दें कि विश्व प्रसिद्ध जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क में डेढ़ सौ से ज्यादा तितलियों की प्रजातियों को देखा गया है... वहीं, इस तितली पार्क में 50 से ज्यादा प्रजातियां देखी जा रही हैं.... इस पार्क में 58 प्रजाति के पौधे लगाए गए हैं, जिनमें से 9 प्रजातियों के पौधे तितलियों के होस्ट प्लांट हैं.... जबकि 49 प्रजातियों के पौधे तितलियों के नेक्टर प्लांट हैं....

हर साल बड़ी संख्या में जंगल की सैर और जानवरों को करीब से देखने वाले पर्यटन जिम कॉर्बेट आते हैं। ऐसे में कॉर्बेट और उसके आसपास तितलियों के संवर्धन के लिए इस बटरफ्लाई पार्क को बनाया गया है.... जहां स्थानीय लोगों के साथ ही स्टूडेंट्स और पर्यटकों





को भी तितलियों को देखने और उनके बारे में जानने समझने का मौका मिलेगा....

पौधों की एक लाबी कतार आपको यहाँ मिलेगी , जिसमें कैलिएंड्रा, कनेर, गुड़हल, रेन लिली, इंडियन गुलाब, जूही, हिमेलिया, तुलसी, टिकोमा, चांदनी वेरीगेटेट, रसेलिया, एरिका पाम, रात की रानी, नीला गुड़हल आदि नेक्टर प्लांट लगाए गए हैं.... वहीं इस पार्क में होस्ट प्लांट भी लगाए गए हैं , जिसमें सनफ्लावर, वर्बिना, टिकोमा, वेरीगेटेट लेंटाना, रैटल पोर्ट, पीलू, अमलतास, सीता अशोक, कदंब के पौधे शामिल हैं.....

आपको यहाँ ये भी बता दें कि कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के ढेला जोन के मुख्य गेट पर डेढ़ हेक्टर की भूमि पर यह बटरफ्लाई पार्क बनाया गया है.... जिसमें पर्यटक इन रंग बिरंगी तितलियों का दीदार कर सकेंगे और जैव विविधता के लिए महत्वपूर्ण योगदान देने वाली तितलियों के बारे में भी जान पाएंगे ... यानी अगर आप इस गर्मियों में जिम कॉर्बेट आएंगे तो आपको हवा में उड़ती हुए तितलियाँ आपका स्वागत करेंगी।

# जानिये उम्र के अनुसार कितना होना चाहिए Blood Sugar रेंज

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

डायबिटीज के मरीजों में ब्लड में शुगर का स्तर बढ़ता है इसलिए वो शुगर की बीमारी के शिकार हैं लेकिन कुछ लोग ऐसे भी है जो टाइप 1 या टाइप 2 डायबिटीज के शिकार नहीं है लेकिन उनके ब्लड में शुगर का स्तर बढ़ने लगा है। ब्लड में शुगर के स्तर में इस बदलाव को देखकर ये लोग परेशान रहते हैं कि आखिर ये बदलाव क्यों हो रहा है। चलिए जानते हैं कि नॉन-डायबिटीज लोगों के ब्लड शुगर लेवल बढ़ने का कारण क्या है।

जिन लोगों को डायबिटीज की बीमारी होती है उनके ब्लड में शुगर का स्तर घटता और बढ़ता रहता है। टाइप 1 या टाइप 2 डायबिटीज के मरीज जानते हैं कि उनके ब्लड में शुगर के स्तर में तेजी से उतार-चढ़ाव आता है जिसे कंट्रोल में रखने के लिए नियमित रूप से ब्लड टेस्ट करना जरूरी होता है। ब्लड में शुगर का स्तर दिन-प्रतिदिन की गतिविधियों से प्रभावित होता है, इसलिए इसमें वृद्धि और गिरावट आना सामान्य बात है। लेकिन परेशानी तब होती है जब ब्लड में शुगर का स्तर लम्बे समय तक ज्यादा रहे।




शुगर बढ़ने से दिल का दौरा पड़ने और स्ट्रॉक का खतरा बढ़ सकता है। अगर खाने के एक से दो घंटे बाद फास्टिंग ग्लूकोज का स्तर 100-125 मिलीग्राम/डीएल या 180 मिलीग्राम/डीएल से अधिक है, तो उस स्थिति को हाइपरग्लेसेमिया कहा जाता है।

नॉन-डायबिटीज रोगियों में उच्च रक्त शर्करा के कारणः नॉन डायबिटीज रोगियों में शुगर बढ़ने के कई कारण हो सकते हैं लेकिन कुछ कारण बेहद महत्यपूर्ण हैं जैसे पॉलीसिस्टिक ओवेरियन सिंड्रोम,तनाव, संक्रमण, मोटापा और कुछ दवाईयों का सेवन करने से ब्लड में शुगर का स्तर बढ़ सकता है।

नॉन-डायबिटीज हाइपरग्लेसेमिया के लक्षणः नॉन-डायबिटीज हाइपरग्लेसेमिया के लक्षण डायबिटीज हाइपरग्लेसेमिया के लक्षणों के समान ही हैं जैसे अत्यधिक प्यास लगना, जल्दी पेशाब आना, धुंधली दृष्टि, मतली और उल्टी, पेट में दर्द, थकान और सिर दर्द होना शामिल हैं।


**ब्लड शुगर लेवन कितना होना चाहिए।**

फास्टिंग में आपका ब्लड शुगर लेवल 70-100 mg/dl के बीच होना चाहिए, ये स्तर 100-126 mg/dl पर पहुंच जाए तो इसे प्री-डायबिटीज कंडीशन माना जाता है

भोजन के 2 घंटे बाद आपका शुगर लेवल 130-140 mg/dl है तो यह सामान्य है। अगर आपका शुगर लेवल 200-400 mg/dl है तो सावधानी बरतने की जरूरत है।

उम्र के मुताबिक ब्लड शुगर रेंज की बात करें तो 6-12 साल की उम्र में फास्टिंग के दौरान ब्लड शुगर 80 से 180 mg/dl होना चाहिए।लंच के बाद यह लेवल 140 mg/dL तक जा सकता है।

डिनर के बाद 100 से 180 mg/dl तक ब्लड शुगर लेवल सामान्य माना जाता है।




# दून में अवैध अतिक्रमण पर होगी जीरो टॉलरेंस फार्मूले पर कार्यवाही : डॉ आर राजेश कुमार , डीएम दून

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



उत्तराखंड में आजकल अतिक्रमण पर सरकार बेहद सख्त है और इसकी वजह है मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की सख्त चेतावनी और निर्देश जिसके बाद अलग-अलग जिलों में जिलाधिकारी सड़कों पर हुए अतिक्रमण और अवैध निर्माण पर लगातार सफाई अभियान चला रहे हैं राजधानी देहरादून की बात करें तो यहां जिलाधिकारी और उनकी टीम इन दिनों अतिक्रमणकारियों के लिए बुरे सपने की तरह नजर आ रहे हैं क्योंकिमुख्यमंत्री धामी के निर्देशों के बाद जिलाधिकारी डॉ आर राजेश कुमार जिलेभर में अवैध अतिक्रमण पर क़ाबिज लोगों पर लगातर कार्यवाही कर रहे हैं। देहरादून मसूरी मार्ग पर राज्यमार्ग पर किए गए अतिक्रमण और नवीन निर्माण पर गुरुवार को उप जिलाधिकारी सदर मनीष कुमार, उपजिलाधिकारी मसूरी नरेश चन्द्र दुर्गापाल , क्षेत्राधिकारी मसूरी ,तहसीलदार सदर , थानाध्यक्ष राजपुर ,थानाध्यक्ष मसूरी एवं विभाग पीडब्ल्यूडी की ओर से सहायक अभियंता राजेन्द्र कुमार ने बड़ी कार्यवाही की।

इसके पहले आपको बता दें कि अवैध अतिक्रमण पर लोनिवि द्वारा पहले ही 26 लोगों को नोटिस जारी किए गए थे, जिसके बाद 4 लोगों ने तो खुद ही अतिक्रमण हटा लिया था लेकिन बाकी लोगों का मौजूद सड़क पर किया गया अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करते हुए बचे अतिक्रमण को हटाये जाने के लिए 1 दिन का समय दिया गया है। इसी के साथ साथ पुलिस टीम द्वारा रेस्टोरेंट संचालकों का सत्यापन भी किया गया।

डीएम देहरादून डॉ आर. राजेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया है कि सरकार की मंशा के अनुसार जिले में कहीं भी अवैध अतिक्रमण की सूचना मिलती है तो उस पर बिना किसी दबाव और पक्षपात किए उस स्थान को अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा। उन्होंने जनता से भी अपील की है कि अगर अवैध अतिक्रमण कहीं पर भी है तो उसे स्वयं ही हटा दें या उसकी सूचना प्रशासन को दें , ताकि समय रहते शांति के साथ इस पूरी सरकारी कार्यवाही को अंजाम दिया जा सके। उन्होंने कहा कि अवैध अतिक्रमण पर जीरो टॉलरेंस के साथ जिला प्रशासन की टीम को उन्होंने सड़कों पर उतार दिया है और लगातार डीएम कार्यालय इसकी मॉनिटरिंग कर रहा है। ऐसे में न्यूज़ वायरस भी आपसे अपील करता है अगर आपके आसपास अवैध अतिक्रमण की कोई सूचना है या किसी ने अवैध अतिक्रमण कर सरकारी जमीन पर कब्जा जमा लिया है तो उसकी सूचना या हमें दें या जिला प्रशासन को सूचित कर जिम्मेदार नागरिक बनने का फर्ज निभाये । क्योंकि ये उत्तराखंड आपका है , देहरादून आपका है और स्मार्ट सिटी बनाने में आपकी भागीदारी भी बेहद अहम है ।

# चम्पावत का चप्पा चप्पा, बोल उठा धामी धामी

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चंपावत विधानसभा क्षेत्र में आयोजित रोड शो और जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें मां पूर्णागिरि और मां शारदा का बुलावा आया है। उन्होंने बड़ी संख्या में जनसभा में पहुंची चंपावत विधानसभा क्षेत्र की जनता का आभार प्रकट प्रकट किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि चंपावत को कृषि, बगवानी एवं चाय की उन्नत खेती के लिए विकसित किया जाएगा। आने वाले समय में चंपावत जिला विकास के नए आयाम स्थापित करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उत्तराखण्ड से विशेष लगाव है। उनके मार्गदर्शन में राज्य में अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं



संचालित हो रही है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 60 लाख लोगों को उत्तराखंड मुफ़्त राशन दी जा रही है। आने वाले समय में चंपावत से महज डेढ़ घंटे की दूरी पर एम्स का सेटेलाइट सेंटर स्थापित होगा। टनकपुर- बागेश्वर रेल लाइन के सर्वे के लिए भी 29 करोड़ की स्वीकृति मिल चुकी है। खटीमा बाईपास बनने से चंपावत पिथौरागढ़ के लोगों का समय भी बचेगा और सफर भी सुगम होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में जल्द समान नागरिक संहिता लागू करने हेतु ड्राफ़्ट तैयार किया जाएगा। गरीब परिवारों को साल में तीन मुफ़्त गैस सिलेंडर दिए जाएँगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए राज्य सरकार ने 1064 टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। राज्य सरकार जन समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए सरलीकरण, समाधान और निस्तारण के मंत्र पर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अपने दूसरे कार्यकाल में सरकार ने वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांग पेंशन और पर्यावरण मित्रों का मानदेय बढ़ाने का काम किया है। जनता से किए हर वायदे को पूरा करने के लिए राज्य सरकार कृत संकल्पित है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह ने धामी ने इस अवसर पर घोषणा की कि जनपद चंपावत के विभिन्न क्षेत्रों में ओलावृष्टि से फ़सल को हुए नुकसान की भरपाई आपदा मत से की जाएगी। चंपावत विधनसभा के अंतर्गत टनकपुर में शारदा नदी के दाएं व बाएं पार्श्व पर स्थित ग्राम कठौल एवं किचैल में बाढ़ सुरक्षा का कार्य किया जायेगा। उचौलीगूठ से गैडाख्याली न0 1 तक शारदा नदी की मुख्य धारा में चेनेलाइजेशन का कार्य किया जायेगा। तहसील टनकपुर में हुड्डी नदी के बाएँ ओर पर स्थित ग्राम बमनपुरी एवं ग्राम चंदनी की सुरक्षा हेतु बाढ़ सुरक्षा योजना बनाई जाएगी। टनकपुर के अन्तर्गत शारदा नदी के दाएं पार्श्व पर स्थित ग्राम गैडाख्याली की सुरक्षा हेतु बार्ड सुरक्षा योजना बनाई जाएगी।





सूखीढांग से डांडा मिनार मोटर मार्ग का पुर्ननिर्माण एवं डामरीकण किया जाएगा। दुयूरी चल्थी मोटर मार्ग का नव निर्माण कार्य किया जाएगा। जिला अस्पताल चंपावत के लोअर ग्राउंड फ्लोर में पार्किंग निर्माण, प्रथम एवं द्वितीय तल में डायग्नोस्टिक्स विंग एवं ऑपरेशन थिएटर का निर्माण किया जाएगा। कार्यक्रम में सांसद अल्मोड़ा अजय टम्टा, चम्पावत के निवर्तमान विधायक कैलाश गहतोड़ी, विधायक राम सिंह कैड़ा, शिव अरोड़ा समेत बड़ी संख्या में स्थानीय जनता मौजूद थी।

# पर्वतीय जिलों में मल्टीलेवल पार्किंग, टनल पार्किंग के लिए तेजी से कार्य हो : मुख्य सचिव

**न्यूज वायरस नेटवर्क**

मुख्य सचिव डॉ. एस. एस. संधु ने लोक निर्माण विभाग से सम्बन्धित प्राप्त सुझावों एवं समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में बैठक आयोजित की। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनपदों से प्राप्त सुझावों एवं समस्याओं के शीघ्र निस्तारण हेतु विभाग एवं शासन स्तर पर डेडीकेटेड अधिकारी सुनिश्चित कर लिया जाए।

मुख्य सचिव ने बागेश्वर जनपद के अंतर्गत पीडब्ल्यूडी और पीएमजीएसवाई में अमीनो की शीघ्र तैनाती, एवं चमोली में जोशीमठ - औली मोटरमार्ग का डामरीकरण और चौड़ीकरण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने चंपावत में मानसून के दौरान मुख्य मार्ग के बंद रहने वाले के कारण सूखीडांग - डाडामिनार मार्ग को वैकल्पिक मोटर मार्ग के रूप मिले जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए, साथ ही कार्य की टाइमलाइन निर्धारित की जाए। उन्होंने सभी कार्यों के महत्व के अनुरूप उनका वर्गीकरण कर अधिक महत्त्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता देते हुए शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने प्रदेश में पार्किंग की समस्या विशेषकर पर्वतीय जनपदों में मल्टीलेवल पार्किंग, टनल पार्किंग की दिशा में तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने बीआरओ से सम्बन्धित प्रकरणों को उनके साथ मुख्य सचिव स्तर से अलग से बैठक




आयोजित कर निस्तारित करने के भी निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि जिलाधिकारियों द्वारा जनपदों में मार्ग सुधारीकरण की मांग की गई है, उन्हें प्राथमिकता पर लेते हुए शीघ्र से शीघ्र कार्यवाही की जाए। शासन स्तर पर लंबित प्रकरणों को भी तेजी से निस्तारित किया जाए। इस अवसर पर प्रमुख सचिव आर. के. सुधांशु सहित अन्य विभागीय वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# ईद-उल-फितर कब है, जानें कब दिखेगा चांद और क्या है इसका इतिहास

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ईद उल-फितर मुस्लिमों के लिए खास पर्व है.... होली , दीवाली और बैसाखी की तरह ये ख़ास दिन भी मुस्लिम समाज के लिए मुबारक़ और खुशियों भरा होता है। हिंदुस्तान में इसे मीठी ईद के नाम से भी जाना जाता है... ईद की सुबह घरों में रौनक और चहल पहल देखने लायक होती है। इस दिन लोग खुदा का शुक्रिया अदा करते हैं... सुबह में नमाज की




अदायगी के साथ ही ईद का त्योहार मनाया जाता है... साथ ही इस दिन लोग नए-नए कपड़े पहनते हैं... एक दूसरे से गले मिलते हैं और बधाइयों के साथ उपहारों का आदान-प्रदान करते हैं... घरों में तरह-तरह के पकवान बनाए जाते हैं... आइए जानते हैं कि ईद-उल-फितर कब है और इसका चांद कब नजर आएगा और इसका इतिहास क्या है...

**ईद-उल-फितर का इतिहास क्या है?**

इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार, हिजरी संवत 2 यानी 624 ईस्वी में पहली बार (तकरीबन 1400 साल पहले) ईद-उल-फितकर मनाया गया था... कुअरान में पहले से ही दो पवित्र दिन का जिक्र किया गया है... जिन्हें ईद-उल-फितर और ईद-उल-जुहा कहा जाता है... कहते हैं कि कुछ इस प्रकार से ईद मनाने की परंपरा चली आ रही है... कहा जाता है कि पैगंबर मुहम्मद ने ईद-उल-फितर की



शुरुआत की... इस्लामिक मान्यता के अनुसार ईद-उल-फितर की शुरुआत जंग-ए-बद्र के बाद हुई... जिसमें पैगंबर मुहम्मद साहब की अगुवाई में मुसलमानों को जीत हासिल हुई थी... कहा जाता है कि जीत की खुशी में लोगों ने ईद मनाई थी... ईद उल-फितर का पर्व अमीर से लेकर गरीब हर कोई खुशी से मना सके इसके लिए इस्लाम में गरीबों को फितरा भी दिया जाता है...

**ईद-उल-फितर कब है?**

इस्लामिक कैलेंडर के मुताबिक ईद-उल-फितर इस बार 2 मई 2022 के दिन मनाई जाएगी... इसे मीठी ईद के नाम से भी जानते हैं... रमजान के 10वें शव्वल की पहली तारीख को ईद मनाई जाती है.... हालांकि, ईद का दिन चांद देखने के बाद ही निर्धारित किया जाता है कि ईद-उल-फितर कब मनाई जाएगी. ..

**ईद-उल-फितर का चांद कब दिखेगा**

इस्लामिक कैलेंडर के मुताबिक इस बार ईद-उल-फितर 2 मई 2022 की शाम से शुरू होगी... अगर इस बार 2 मई को चांद का दीदार हो जाता है तो भारत में ईद-उल-फितर का त्योहार 3 मई को मनाया जाएगा... वहीं अगर चांद का दीदार 3 मई को होता है तो ईद-उल-फितर का त्योहार 4 माई को मनाया जाएगा...

ईद-उल-फितर के मौके पर खास दावत तैयार की जाती है... जिसमें खासतौर से मीठा खाना शामिल किया जाता है... इसे भारत और कुछ दक्षिण एशियाई देशों में मीठी ईद भी कहा जाता है.... ईद-उल-फितर पर खासतौर से सेवइयां यानी गेहूं के नूडल्स को दूध के साथ उबालकर बनाया जाता है... साथ ही उसमे सूखे मेवों और फलों को मिलाकर परोसा जाता है..

# यहां सिर्फ हुनर दिखता है नॉर्थ इंडिया डांस चैंपियनशिप 2022




न्यूज़ वायरस नेटवर्क

जालंधर पंजाब। प्रतियोगिता में सहारनपुर छुटमलपुर और हरिद्वार के कई प्रतिभागियों ने इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लिया जिसमें हरिद्वार की शगुफ़्ता उर्फ मुस्कान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया( मध्यम श्रेणी )सहारनपुर के जूनियर में कनिष्क ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया सहारनपुर के (मध्य श्रेणी) में सिमरन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया और (छुटमलपुर) के शैंकी गौतम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया वरिष्ठ श्रेणी में सहारनपुर के शक्ति भारद्वाज ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

अब इनका चैन कार्यक्रम की अगली श्रृंखला दुबई में अंतरराष्ट्रीय स्थान पर होगा बच्चों की उपलब्धियों पर गुरु संतोष भारद्वाज वीरेंद्र चौधरी. नाजिमा खान, शक्ति भारद्वाज, ने हर्ष जताया जैन समाज के अध्यक्ष राजेश




जैन, जी ने बच्चों की उपलब्धियों का धन्यवाद किया इस प्रकार से बच्चों को मंच प्रदान करते रहे कि जिससे इसी प्रकार बच्चे अपने समाज और देश का नाम रोशन करते रहे

# कैंट क्षेत्र में निवास करने वाले पूर्व सैनिकों को गृहकर में छूट : गणेश जोशी



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

प्रदेश के कैंट क्षेत्र में निवास करने वाले पूर्व सैनिकों को गृहकर में छूट दिये जाने, वीरता एवं गैर वीरता पदकों पर दिये जाने वाली राशि में बढ़ोतरी सहित शहीद परिवारों को मिलने वाली अनुग्रह अनुदान राशि को तत्काल जारी करने के निर्देश सैनिक कल्याण मंत्री ने सचिव को दिये।

अपने कैम्प कार्यालय में उत्तराखण्ड सब एरिया के जीओसी मेजर जनरल के साथ बैठक के दौरान जीओसी द्वारा सैनिक कल्याण मंत्री को अवगत कराया गया कि वीरता एवं गैर वीरता पदकों पर दिये जाने वाली राशि में बढ़ोतरी एवं शहीदों के परिजनों को मिलने वाली राशि को तत्काल बढ़ाया जाना चाहिए। उन्होंने कैंट क्षेत्र में निवास करने वाले पूर्व सैनिकों को गृह कर में छूट दिये जाने की पैरवी भी की।

सैनिक कल्याण मंत्री एवं जीओसी के बीच देहरादून के रानीपोखरी में कैंटीन का एक्सटेंशन काउंटर खोलने पर भी वार्ता हुई। इस अवसर पर वेटर्न शाखा के कर्नल विमल नैथानी भी उपस्थित रहे।

# सूर्यधार झील जैसी गलती अक्षम्य, मीटिंग में महाराज के तेवर देख अफसरों को छूटे पसीने

## सिंचाई एवं लघु सिंचाई विभाग में रिक्त पदों को तत्काल भरे : सतपाल महाराज





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क (आशीष तिवारी)**

इन दिनों अपने सभी मंत्रालयों की बैठकों में मंत्री जी बेहद सख्त रुख अपनाये दिख रहे हैं। कुछ ऐसा ही गर्म माहौल दिखा सिंचाई एवं लघु सिंचाई मंत्री सतपाल महाराज की विभागीय बैठक में , जहाँ उन्होंने कहा कि एक ओर हम बाढ़ सुरक्षा कार्यों के बारे में बात करते हैं और उसके लिए कार्य भी करते हैं जबकि वहीं दूसरी ओर मानक और तकनीकी के विपरीत कार्य करते हैं।

सूर्यधार झील को 7 से 10 मीटर बिना परमिशन के बढ़ा दिया गया। वास्तव में यह दुर्भाग्यपूर्ण है। इससे पता चलता है कि हमारी कोई कार्य संस्कृति ही नहीं है। हम जो चाहे बिना परमिशन के करते रहें। शर्म की बात है कि इतनी तकनीकी और ज्ञान रखने के बावजूद भी कहीं की स्कीम को कई फिट कर दिया गया। इस तरह के गलत कार्यों के लिए किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

सिंचाई मंत्री सतपाल महाराज ने समीक्षा बैठक में विभाग द्वारा विगत वर्षों में किये गये कार्यों की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति के साथ-साथ केंद्र पोषित योजनाओं की प्रगति, राज्य सेक्टर की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करने के अलावा आगामी प्रस्तावित कार्य योजना और विभाग में स्वीकृत एवं कार्यरत रिक्त पदों की जानकारी के साथ-साथ विभागीय समस्याओं एवं सुझाव को भी सुना।

सतपाल महाराज ने सिंचाई एवं लघु सिंचाई विभाग में रिक्त पदों को तत्काल भरने का आदेश देते हुए कहा कि चारधाम यात्रा शुरू होने वाली है सभी अधिकारी, कर्मचारी मन लगाकर काम करें, जो सही काम करेगा उसे सम्मान मिलेगा। हमें संकल्प लेना है कि यात्रा को सफल बनाना है और बरसात से पूर्व सभी कार्यों को पूर्ण करना है।

उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी पंचायत प्रतिनिधियों को भी कार्यों से संबंधित जानकारी देते रहें। महिला मंगल एवं युवक मंगल दलों को काम दिया जाए। समय समय पर प्रदेश के सभी जलाशयों की मॉनिटरिंग की जाये और गंगा एवं भागीरथी सहित अन्य नदियों के बढ़ते लेवल को ठीक किया जाये। बैठक के दौरान सिंचाई मंत्री ने टीएचडीसी के अधिकारियों को दूरभाष पर वार्ता कर टिहरी झील के किनारे तार बाड़ करने के लिए भी निर्देश दिये। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि टिहरी बांध प्रभावित 415 विस्थापितों के पुनर्वास के लिए धनराशि वितरण का कार्य शीघ्र किया जाएगा।

बैठक मे सिंचाई विभाग के एच.ओ.डी. मुकेश मोहन, लघु सिंचाई के एच.ओ.डी. बृजेश तिवारी, संयुक्त सचिव प्रोफ़ेसर जी.एल. शर्मा, अपर सचिव यू.एन. पांडे सहित सभी जनपदों के अधिकारी उपस्थित थे।

### पहले सुनिए मीटिंग में क्या बोले महाराज

आप लोग बाढ़ सुरक्षा कार्यों की बात करते हैं ! सूर्यधार झील को बिना परमिशन के 7 से बढ़ाकर 10 मीटर कर दिया गया जो कि बड़ा ही दुर्भाग्यपूर्ण है। जानबूझकर इस तरह से कार्य करने वालों को बिल्कुल भी बख्शा नहीं जाएगा। ये कड़े तेवर दिखाए हैं प्रदेश के सबसे हाई प्रोफाइल कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने

# एफआरआई पहुंचे केंद्रीय वन मंत्री भूपेंद्र यादव ने ली बैठक, स्विमिंग पूल का किया उद्घाटन

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन और अश्विनी कुमार चौबे, राज्यमंत्री, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन ने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी, देहरादून में नवनिर्मित पं. दीन दयाल उपाध्याय तरणताल ऑल वेदर स्वीमिंग पूल का उदघाटन किया गया।

इस दौरान वे विभिन्न वानिकी संस्थानों के साथ विभिन्न विषयों पर बैठकों में हिस्सा लिया ।अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले भारतीय वन सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों के सिलेबस के अनुसार उन्हें तैराकी प्रशिक्षण भी दिया जाना अनिवार्य है जिसके लिए अकादमी द्वारा अपने ही परिसर में इस इनडोर ऑल वेदर स्वीमिंग पूल का निर्माण किया गया है। यह स्वीमिंग पूल अंतरराष्ट्रीय मानकों को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है और समस्त आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है। इसमें ठण्डे पानी के साथ-साथ गर्म पानी की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। इससे पूर्व इस प्रशिक्षण हेतु आईएमए के स्विमिंग पूल की सेवाएं ली जाती थीं। इस स्वीमिंग पूल के निर्माण से प्रशिक्षुओं के समय की बचत होगी और उनके निर्धारित पाठ्यक्रम को और सुविधाजनक रूप से पूर्ण किया जा सकेगा। उदघाटन अवसर पर मंत्री महोदय ने कहा कि स्वीमिंग पूल के माध्यम से प्रशिक्षु न केवल अपने निर्धारित प्रशिक्षण-पाठ्यक्रम को पूर्ण करेंगे अपितु इसके द्वारा प्रतिभाशाली प्रशिक्षु राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपना और सेवा का नाम करने में सक्षम होंगे।





इस अवसर पर, चंद्र प्रकाश गोयल, वन महानिदेशक एवं विशेष सचिव, पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली, ए.एस. रावत, निदेशक, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी तथा महानिदेशक, भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, देहरादून, सुशील कुमार अवस्थी, अपर निदेशक, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी, अन्य वानिकी सह-संस्थानों के प्रधान एवं प्रशासनिक प्रमुख तथा अकादमी के संकाय सदस्य व भारतीय वन सेवा प्रशिक्षु अधिकारी उपस्थित रहे।

# नगर आयुक्त मनुज गोयल ने किया कूड़ाघरों का औचक निरीक्षण, दिए कई निर्देश

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून के नगर आयुक्त मनुज गोयल ने कारगी चौक स्थित कूड़ा ट्रांसफर स्टेशन शीशमबाड़ा स्थित सॉलिड वेस्ट मैनेजमैंट प्लांट एवं लैण्डफील साईट का निरीक्षण किया। नगर आयुक्त ने कारगी चैक स्थित कूड़ा ट्रांसफर स्टेशन की देखरेख करने वाली कम्पनी मै0 सनलाईट वेस्ट मैनेजमैंट/मै0 चेन्नई वेस्ट मैनेजमैंट के अधिकारियों को स्थल पर साफ-सफाई की व्यापक व्यवस्था बनाये जाने के निर्देष दिये गये ताकि किसी भी प्रकार से आप-पास में रहने वाले क्षेत्रवासियों को परेशानी न हों, इसके अतिरिक्त यह भी निर्देषित किया गया कि कूड़ा उठान करने वाले ट्रैक्टर ट्राली को ढ़क कर लें जाये, ताकि कूड़ा बाहर न गिरे एवं सॉलिड वेस्ट मैनेजेन्ट रूल्स के नियमों का अनुपालन सुनिष्चित किया जाय अन्यथा कम्पनी के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी।

इसके बाद नगर आयुक्त ने शीशमबाड़ा स्थित सॉलिड वेस्ट मैनेजमैंट एवं लैण्डफील साईट का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान सफाई निरीक्षक राजीव सैनी प्लांट पर उपस्थित नहीं थे जिनका स्पश्टीकरण प्राप्त कर उपलब्धक कराने के लिए मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देषित किया गया। इसके अतिरिक्त प्लांट पर 70/25 वॉट प्रोसेसिंग मषीन कार्यरत नहीं थी जिसपर कम्पनी के उपस्थित अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए कठोर चेतावनी जारी कर तत्काल मशीनों को प्रारम्भ करने के निर्देष दिये गये, इसके अतिरिक्त लैण्डफील साईट पर अधिक आर0डी0एफ0 एकत्र न करने के निर्देष दिये गये, भविश्य में किसी भी प्रकार की कोई दुर्घटना होती है तो इसके लिए कम्पनी के अधिकारियों का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए कार्यवाही की जायेगी।

कम्पनी के अधिकारियों बताया कि वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट शीघ्र तैयार हो जाता है तो कूड़े का निस्तारण जल्द हो सकेगा, इसपर नगर आयुक्त ने आदेश दिया कि बस पर विचार करते हुए शासन के वार्ता की जायेगी।

निरीक्षण के दौरान उप नगर आयुक्त रोहिताश शर्मा , मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 अविनाष खन्ना, सफाई निरीक्षक राजवीर सिंह चौहान , उपस्थित रहें।

# दिसम्बर तक परियोजना को पूरी करें, अपर सीईओ कृष्ण कुमार मिश्रा ने दिए निर्देश

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून में चल रहे स्मार्ट सिटी के कामों में तेज़ी लाने के निर्देश दिए गए हैं। अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी कृष्ण कुमार मिश्रा ने विभाग को ये निर्देश दिए हैं। आपको यहां बताते चले कि स्मार्ट सिटी की स्मार्ट पोल परियोजना के अन्तर्गत आम नागरिकों को ये सेवाएं प्राप्त होगीं ----

स्मार्ट पोल परियोजना के अन्तर्गत स्मार्ट पोल में 30 वाई-फाई प्वांइट, सिटी सर्विलेन्स एंव सिक्युरिटी हेतु 20 सी0सी0टी0वी0 कैमरे, 30 वी0एम0डी0, 30 स्मार्ट एल0ई0डी0 स्क्रिन एवं 30 पोलो पर लाइट लगाएं जाएगें।

स्मार्ट पोल परियोजना के अन्तर्गत स्मार्ट पोल क्षेत्र के 500 मी0 तक आम जनमान को फ्री वाई-फाई कन्टेक्टीविटि प्रदान की जा सकेगी।

स्मार्ट पोल परियोजना के अन्तर्गत कुल 140 किलोमीटर फाईवर केवल डाली जानी प्रस्तावित है। वर्तमान तक 66 किलोमीटर फाईवर केवल डाली जा चुकी है। स्मार्ट पोल परियोजना के अन्तर्गत कुल 100 स्मार्ट पोलो का अधिष्ठापन किया जाना प्रस्तावित है जिनमें 30 मी0 ऊचांई के कुल 70 स्मार्ट पोल एवं 12 मी0 के 30 स्मार्ट पोलों का अधिष्ठापन प्रस्तावित है। वर्तमान तक कुल 23 स्मार्ट पोलो का अधिष्ठापन किया जा चुका है।

वर्तमान तक देहरादून के इन इलाकों में स्मार्ट पोल परियोजना के तहत सेवाएं प्रदान की जा रहीं है।

1. राजपुर रोड 2. सीटी लाइन्स, 3. कोलागढ़ कैंट, 4. पटना कॉलोनी, पटेल नगर, 5. दीपनगर, 6. सुधोवाला, 7. कुल्हन, 8. कैलाश विहार, 9. एकता एन्क्लेव, 10. इंदिरा कॉलोनी, 11. एमडीए रोड, 12. एफआरआई चकराता रोड, 13. एसबीआई बैंक, शिमला बाईपास रोड, 14. कोरोनेषन अस्पताल, 15. एमडीडीए कॉलोनी, 17. घंटाघर, 18. एसएसपी कार्यालय के पास, 19. लैंसडाउन चौक, 20. राजपुर रोड चेतन बस स्टैण्ड के पास, 21. अपर नथनपुर, 22. नाथूवाला, 23. करनपुर मार्केट



# चारधाम यात्रा से पहले नंदप्रयाग हुआ सीसीटीवी कैमरे से लैस, पुलिस रखेगी सतर्क दृष्टि

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

पुलिस अधीक्षक चमोली श्वेता चौबे द्वारा सुरक्षित चारधाम यात्रा के सख्त निर्देशों के बाद नगर पंचायत अध्यक्ष नन्दप्रयाग हिमानी वैष्णव से समन्वय स्थापित कर सम्पूर्ण नन्दप्रयाग कस्बे में सुरक्षा के दृष्टिगत 6 सीसीटीवी कैमरे प्राप्त किये गये, जिन्हें नन्दप्रयाग क्षेत्र में पुलिस द्वारा पूर्व से संचालित 2 सीसीटीवी कैमरों से संयोजित कर मॉनीटरिंग चौकी नन्दप्रयाग पुलिस के सुपुर्द की गयी। इन सभी सीसीटीवी कैमरों से नंदप्रयाग क्षेत्र में घाट तिराहा,घाट पुल एवं सम्पूर्ण कस्बे में पुलिस द्वारा निगरानी की जाएगी,एवं आगामी चारधाम यात्रा के दौरान बेहतर यातायात व्यवस्था एवं कानून व्यवस्था में सीसीटीवी की निगरानी सहायक सिद्ध होगी । पुलिस प्रशासन को इस सहयोग के दिए जाने पर पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे ने नगर पंचायत नंदप्रयाग का धन्यवाद किया गया। और उम्मीद जताई है कि यात्रा के दौरान सुरक्षा और यातायात के लिए ये व्यवस्था बेहद अहम कड़ी साबित होगी

## संपादकीय

# कोरोना का साया

दोवर्ष से अधिक समय से जारी कोरोना का चिंताजनक साया एक बार मंडराने लगा है. इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्रियों के साथ हुई अहम बैठक में कहा है कि हमें सतर्क रहना है. उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि कोविड की चुनौती अब भी बरकरार है. उल्लेखनीय है कि अनेक पश्चिमी देशों में कोरोना वायरस के विभिन्न वैरिएंट संक्रमण बढ़ा रहे हैं. चीन में कुछ इलाकों में कई दिनों से लॉकडाउन चल रहा है. बीते चौबीस घंटों में संक्रमण के 2927 नये मामले सामने आये हैं तथा 32 लोगों की मौत हुई है. हालांकि, अभी जो संक्रमितों की संख्या है, वह कुल संक्रमण का 0.04 प्रतिशत ही है तथा ठीक होने की राष्ट्रीय दर 98.75 प्रतिशत है, लेकिन इस वैश्विक महामारी की पहली, दूसरी और तीसरी लहर के अनुभवों से हम जानते हैं कि यदि सावधानी और निगरानी में चूक हुई, तो स्थिति बिगड़ सकती है. सनद रहे, हमारे देश में अब तक कोरोना वायरस से 4.30 करोड़ से अधिक लोग संक्रमित हो चुके हैं तथा 5.23 लाख से अधिक जानें जा चुकी हैं. केंद्र सरकार ने पूर्ववर्ती निर्देशों में राज्यों से कहा है कि जिन क्षेत्रों में अधिक संक्रमण है, वहां अतिरिक्त निगरानी रहे तथा संक्रमितों के नमूनों का वैज्ञानिक परीक्षण होता रहे, ताकि वायरस के बारे में जानकारी मिलती रहे. एक तो पहले के अनुभवों से हमारे पास तैयारी बहुत अच्छी है तथा टीकाकरण अभियान भी सफलता के साथ आगे बढ़ रहा है. प्रधानमंत्री मोदी ने उचित ही कहा है कि यह हमारे लिए गर्व की बात है कि देश की 96 फीसदी आबादी को टीके की पहली खुराक दी जा चुकी है तथा 15 साल की आयु से अधिक 85 फीसदी लोग दोनों खुराक ले चुके हैं. इसके अलावा बूस्टर डोज देने तथा 12 से 14 आयु वर्ग के बच्चों को भी टीका लगाने का सिलसिला चल रहा है. यह भी गौरव की बात है कि हमारे टीकाकरण में देश में ही निर्मित टीकों का उपयोग हो रहा है. दुनिया के सबसे बड़े टीकाकरण के लिए खुराक की व्यवस्था करने के साथ भारत ने लगभग सौ देशों को 100 मिलियन खुराक भी भेजी हैं. इसके साथ प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी बताया कि 150 देशों को दवाओं और मेडिकल साजो-सामान की भी आपूर्ति की गयी है. इस प्रकार, भारत कोरोना महामारी के विरुद्ध वैश्विक लड़ाई में अग्रणी भूमिका में है. उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि अन्य देशों की तुलना में भारत इस महामारी की रोकथाम में अधिक सफल रहा है. इन उपलब्धियों को आगे बढ़ाने के लिए यह जरूरी है कि हम लापरवाह न हों. यह बात जितनी शासन-प्रशासन पर लागू होती है, उतनी ही हर व्यक्ति पर. कई जगहों पर फिर से मास्क लगाना अनिवार्य किया जा रहा है. हमें मास्क लगाने और साफ-सफाई रखने में कोताही नहीं करनी चाहिए. महामारी पर जीत के लिए सावधानी बरतना जरूरी है.

# पीएम ने असम के दीफू में शांति, एकता और विकास रैली को किया संबोधित



नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कार्बी आंगलोंग जिले के दीफू में शांति, एकता और विकास रैली को संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने विभिन्न परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी। प्रधानमंत्री ने पशु चिकित्सा महाविद्यालय (दीफू), डिग्री कॉलेज (पश्चिम कार्बी आंगलोंग) और कृषि महाविद्यालय (कोलोंगा, पश्चिम कार्बी आंगलोंग) की आधारशिला रखी। 500 करोड़ रुपये से अधिक की ये परियोजनाएं क्षेत्र में कौशल और रोजगार के नए अवसर लेकर आएंगी। प्रधानमंत्री ने 2950 से अधिक अमृत सरोवर परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी। राज्य इन अमृत सरोवरों को लगभग 1150 करोड़ रुपये की संचयी लागत से विकसित करेगा। असम के राज्यपाल जगदीश मुखी और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा भी उपस्थित लोगों में शामिल थे।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कार्बी आंगलोंग के लोगों को उनके द्वारा गर्मजोशी से स्वागत करने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने आजादी का अमृत महोत्सव और असम के महान सपूत लचित बोरफुकन की 400वीं वर्षगांठ के संयोग को एक ही समय अवधि में पडने के बारे में चर्चा की। प्रधानमंत्री ने कहा, लचित बोरफुकन का जीवन राष्ट्रभक्ति और राष्ट्रशक्ति की प्रेरणा है। कार्बी आंगलोंग से देश के इस महान नायक को मैं नमन करता हूं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना से काम करती है। उन्होंने कहा, आज ये संकल्प कार्बी आंगलोंग की इस धरती पर फिर सशक्त हुआ है। असम की स्थाई शांति और तेज विकास के लिए जो समझौता हुआ था, उसको जमीन पर उतारने का काम तेजी से चल रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज असम में भी 2600 से अधिक अमृत सरोवर बनाने का काम शुरू हो रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सरोवरों का निर्माण पूरी तरह से जनभागीदारी पर आधारित है। उन्होंने कहा कि ऐसे सरोवरों की तो जनजातीय समाज में एक समृद्ध परंपरा रही है। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि इससे गांवों में पानी के भंडार तो बनेंगे ही, इसके साथ-साथ ये कमाई के भी स्रोत बनेंगे।

प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि 2014 के बाद से नॉर्थ ईस्ट में मुश्किलें कम हो रही हैं, लोगों का विकास हो रहा है। उन्होंने कहा, आज जब कोई असम के जनजातीय क्षेत्रों में आता है, नॉर्थ ईस्ट के दूसरे राज्यों में जाता है, तो हालात को बदलते देखकर उसे भी अच्छा लगता है। प्रधानमंत्री ने पिछले साल शांति और विकास प्रक्रिया में कार्बी आंगलोंग के कई संगठनों को शामिल किए जाने के बारे में बताया। 2020 में बोडो समझौते ने भी स्थायी शांति के द्वार खोल दिए। इसी तरह, प्रधानमंत्री ने कहा, त्रिपुरा में भी, निफ्ट ने शांति की दिशा में कदम उठाया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ढाई दशक पुराना ब्रू-रियांग भी सुलझ गया। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि लंबे समय तक आर्म्ड फोर्सेस स्पेशल पावर एक्ट (एएफएसपीए) नॉर्थ ईस्ट के अनेक राज्यों में रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा, लेकिन बीते 8 सालों के दौरान स्थाई शांति और बेहतर कानून व्यवस्था लागू होने के कारण हमने एएफएसपीए को नॉर्थ ईस्ट के कई क्षेत्रों से हटा दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास की भावना के साथ आज सीमा से जुड़े मामलों का समाधान खोजा जा रहा है। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा, असम और मेघालय के बीच बनी सहमति दूसरे मामलों को भी प्रोत्साहित करेगी। इससे इस पूरे क्षेत्र के विकास की आकांक्षाओं को बल मिलेगा।

आदिवासी समुदायों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के बारे में, प्रधानमंत्री ने कहा, जनजातीय समाज की संस्कृति, यहां की भाषा, खान-पान, कला, हस्तशिल्प, ये सभी हिन्दुस्तान की समृद्ध धरोहर है। असम तो इस मामले में और भी समृद्ध है। यही सांस्कृतिक धरोहर भारत को जोड़ती है, एक भारत श्रेष्ठ भारत के भाव को मजबूती देती है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आजादी के इस अमृतकाल में कार्बी आंगलोंग भी शांति और विकास के नए भविष्य की तरफ बढ़ रहा है। अब यहां से हमें पीछे मुडक़र नहीं देखना है। उन्होंने कहा कि आने वाले कुछ वर्षों में हमें मिलकर उस विकास की भरपाई करनी है, जो बीते दशकों में हम नहीं कर पाए। प्रधानमंत्री ने सेवा और समर्पण की भावना के साथ केंद्र की योजनाओं को लागू करने के लिए असम और क्षेत्र की अन्य राज्य सरकारों की सराहना की। उन्होंने महिलाओं को इतनी बड़ी संख्या में बाहर आने के लिए धन्यवाद दिया और सरकार के सभी उपायों में महिलाओं की स्थिति के उत्थान, जीवन को आसान बनाने और महिलाओं की गरिमा पर अपना निरंतर ध्यान केंद्रित किया।

अंत में, प्रधानमंत्री ने असम के लोगों को आश्वासन दिया कि वे उनके प्यार और स्नेह को ब्याज के साथ चुकाएंगे और इस क्षेत्र के निरंतर विकास के लिए खुद को फिर से समर्पित कर देंगे।

भारत सरकार और असम सरकार द्वारा छह कार्बी उग्रवादी संगठनों के साथ समझौता ज्ञापन (एमओएस) पर हाल ही में किए गए हस्ताक्षर से क्षेत्र की शांति और विकास के प्रति प्रधानमंत्री की अटूट प्रतिबद्धता की उदाहरण द्वारा पुष्टि होती है। समझौता ज्ञापन से क्षेत्र में शांति के एक नए युग की शुरुआत हुई है।

# लालू यादव ने जमा किए जुर्माने के 10 लाख सीबीआई कोर्ट से रिहाई के आदेश जारी

पटना (एजेंसी)। सीबीआई कोर्ट ने चारा घोटाले से जुड़े डोरंडा मामले में सजायाफ्ता लालू प्रसाद यादव की जमानत के लिए आदेश जारी कर दिया है। इससे पहले लालू ने रिहाई के लिए 10 लाख रुपये कोर्ट में जमा कर दिए हैं। झारखंड हाई कोर्ट से बेल बॉन्ड निचली अदालत में भेज दिया गया था। लालू प्रसाद के वकील प्रभात कुमार ने बताया कि बेल बॉन्ड भर दिया है। अब उन्हें कभी भी जेल से जमानत पर रिहा किया जा सकता है।

लालू प्रसाद यादव को चारा घोटाले से जुड़े डोरंडा ट्रेजरी मामले में जमानत मिली है। यह मामला डोरंडा कोषागार से 139 करोड़ रुपये की निकासी का है। 1990 से 1995 के बीच डोरंडा कोषागार से 139 करोड़ रुपये की निकासी की गई थी। 27 साल बाद कोर्ट ने इसी साल फरवरी में इस घोटाले पर फैसला सुनाया था, जिसमें लालू यादव को दोषी पाया गया था। इस मामले में लालू यादव को पांच साल की सजा हुई है।



# जम्मू-कश्मीर को दहलाने की बड़ी साजिश नाकाम, सुरक्षाबलों ने नष्ट किया ग्रेनेड

जम्मू । पुलिस ने जम्मू क्षेत्र के सुंजवान इलाके में सुरक्षा बलों के साथ आतंकवादियों के हुए मुठभेड़ स्थल से एक हथगोला जब्त किया है। पुलिस सूत्रों ने कहा,जलालाबाद के एक निवासी का फोन आया कि उसे अपने घर की परिसर की सफाई करते समय एक ग्रेनेड मिला है। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रेनेड जब्त कर लिया। गौरतलब है कि गत 22 अप्रैल को सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में जैश-ए-मोहम्मद के दो आतंकवादी मारे गये और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) का एक जवान शहीद हो गया था। इस दौरान 11 सुरक्षाकर्मी घायल भी हुए थे।

# एक बार फिर ट्रोलर्स के निशाने पर आई शिल्पा शेट्टी, किसी ने कहा- ओवरएक्टिंग की दुकान तो किसी ने कही ये बात...

शिल्पा शेट्टी इंडस्ट्री की बहुत पॉपुलर स्टार हैं. सोशल मीडिया पोस्ट्स, पब्लिक अपीयरेंस और कई चीजों की वजह से शिल्पा शेट्टी चर्चाओं का विषय बनी रहती है. मंगलवार को अभिनेत्री मुंबई में स्पॉट हुईं. हमेशा शिल्पा शेट्टी को पैपराजी से बात करते और उन्हें पोज देते देखा आ चुका है, लेकिन इस बार शायद शिल्पा शेट्टी का मूड अच्छा नहीं था. पैपराजी को उन्होंने पोज देने से साफ़ मना का दिया. शिल्पा शेट्टी काफी थकी हुई दखाई दी. हालांकि, शिल्पा शेट्टी ने हल्की सी स्माइल पास करके पैपराजी को ग्रीट किया और साउथ सुपरस्टार यश की मूवी केजीएफ चैप्टर 2 की तारीफ भी की.

ट्रोल्स के निशाने पर आईं शिल्पाः कुछ लोगों ने शिल्पा शेट्टी को इस बात पर ट्रोल करना शुरू किया है. कई ने उनके पति राज कुंद्रा को पोर्नोग्राफी मामले के लिए ट्रोल कर दिया. एक यूजर ने लिखा, ओवरएक्टिंग की दुकान. एक और यूजर ने लिखा, ये बस अपने पति की बनाई मूवी देखती है. उसके बारे में पूछो तो पूरा एक्स्प्लेन करके बताएगी. एक यूजर ने तो शिल्पा शेट्टी को अनसक्सेसफुल अभिनेत्री तक कह डाला.

जबसे राज कुंद्रा पोर्नोग्राफी मामले के सिलसिले में जमानत पर बाहर आए हैं, तभी से ट्रोल्स के निशाने पर शिल्पा शेट्टी आ चुकी है. खुद को शिल्पा शेट्टी पिछले कुछ वक्त से बहुत लो प्रोफाइल रख रही हैं. हालांकि, वह अपनी नॉर्मल लाइफ में वापस आ चुकी है और इंडस्ट्री के अंदर वह काफी सक्रीय दिखाई देती है. हाल ही में शिल्पा शेट्टी ने रोहित शेट्टी के ह्ञ्जञ्ज सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स में हाजिरी दर्ज कराई है. इस सीरीज में सिद्धार्थ मल्होत्रा और विवेक ओबेरॉय भी दिखाई देने वाले है.



# डिनर डेट पर पति संग स्पॉट हुई मौनी रॉय

अभिनेत्री मौनी रॉय ने 27 जनवरी को बॉयफ्रेंड सूरज नांबियार से विवाह किया। कपल ने मलयाली और बंगाली स्टाइल में विवाह रचाया था। दोनों के विवाह की फोटोज और वीडियोज ने खूब चर्चाओं में रहा। हाल ही में मौनी डिनर डेट के दौरान पति सूरज के साथ स्पॉट किया जा चुका है, इसकी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने लगी है। अभिनेत्री बहुत वक्त के उपरांत सूरज से मिली है, क्योंकि वो काम के सिलसिले में दुबई गए हुए थे, जिस वजह से दोनों को दूर रहना पड़ गया।

वीडियो में मौनी ब्राउन शॉर्ट ड्रेस में दिखाई दे रही है। जिसके साथ अभिनेत्री ने शूज पहन रखी है। अभिनेत्री ने लाइट मेकअप किया हुआ है और बालों को खुला छोड़ दिया है। इस लुक में अभिनेत्री हॉट दिख रही है। वहीं सूरज लाइट ब्लू टी शर्ट और डार्क ब्लू पैंट में हैंडसम दिख रहे है। दोनों कैमरे के सामने दिलकश अंदाज में पोज दे रहे हैं। फैंस इस वीडियो को खूब लाइक कर रहे हैं।

वर्कफ्रंट के बारें में बात की जाए तो मौनी डांस इंडिया डांस लिटिल मास्टर्स 5 को जज करती हुई दिखाई दे रही है। जिसके साथ एक्ट्रेस मूवी ब्रह्मास्त्र में दिखाई देगी।

इस फिल्म में एक्ट्रेस के साथ अमिताभ बच्चन, रणबीर सिंह और आलिया भट्ट नजर आएंगे।



# विद्या ने शेयर किया भूल-भूलैया 2 का ट्रेलर तो बोले फैंस- हम आपको वापस चाहते हैं....

कार्तिक आर्यन, कियारा आडवाणी और तबू स्टारर मूवी भूल भूलैया 2 का मंगलवार को ट्रेलर रिलीज कर चुके है। कुछ को मूवी का ट्रेलर पसंद आया है और कुछ को नहीं। लोग कार्तिक आर्यन की तुलना अक्षय कुमार के साथ करने लगे है। भूल भुलैया में विद्या बालन थीं जिन्होंने मोंजोलिका का रोल अदा किया था। दर्शकों को वो भी बहुत याद आ रही हैं। खुद विद्या बालन ने मूवी का ट्रेलर देखकर इस पर रियेक्शन दे दिया है। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम फिल्म का ट्रेलर साझा करते हुए लिखा है, भूषण कुमार और पूरी टीम को इस हॉन्टेड कॉमेडी फिल्म के लिए बधाई। ट्रेलर जाना पहचाना लग रहा है...हाहा...इस रोलर कोस्टर की सवारी को फिर से महसूस करने का इंतजार नहीं कर पा रही हूं। भूल भुलैया 2 सिनेमाघरों में 20 मई को रिलीज हो रही है।

जैसी ही अभिनेत्री ने ट्रेलर डाला वैसी ही फैंस के कमैंट्स भी आए लगे। फैंस को उनके बिना ये मूवी अधूरी लग रही है। एक फैन ने कहा, भूल भूलैया आपके बिना अधूरी है। दूसरे ने लिखा, हमारे लिए भूल भुलैया माने मोंजोलिका और मोंजोलिका माने विद्या और विद्या अगर न हो तो हमको ऐसे भूल भुलैया मे जाना ही नहीं। खैर टीम को शुभकामनाएं। ऐसा ही और कमेंट में लिखा गया, बिना अक्षय कुमार और विद्या बालन के भूल भूलैया भूल भुलैया नहीं है।

भूल भुलैया 2 की पहली भूल भूलैया से बहुत तुलना की जा रही है। लेकिन डायरेक्टर अनीष बाज्मी पहले ही बोल चुके हैं कि अक्षय और विद्या इस मूवी की स्क्रिप्ट में फिट नहीं बैठ पा रहे है। उन्होंने बोला है कि इस मूवी की स्टोरी पूरी तरह से अलग है। सिवाय राजपाल के और कोई कैरेक्टर दोबारा इस मूवी में नहीं लिया गया है। इसलिए मूवी की तुलना करना गलता है। वहीं कार्तिक आर्यन भी बोल चुके हैं कि उनकी अक्षय कुमार से तुलना नहीं करना सबसे अच्छा है। उन्होंने बोला है कि उनको देखकर ही तो वो बड़े हुए हैं और ऐसे में उनको कैसे अक्षय के कंपेयर कर सकते है।

# बेटी के बॉलीवुड में डेब्यू को लेकर अजय ने कही ये बड़ी बात

बॉलीवुड स्टार अजय देवगन की बेटी न्यासा इन दिनों सोशल मीडिया पर चर्चाओं का विषय बनी हुई है। कभी उनकी कोई फोटो वायरल हो जाती है, तो कभी वो पार्टी में जाते हुए नज़र आती है। ख़बरों की माने तो न्यासा ने हाल ही में अपना 19वां बर्थडे सेलिब्रेट किया। जिसकी फोटोज खूब वायरल हुई थी। इसी दौरान काजोल और अजय देवगन की बेटी न्यासा को लेकर एक बड़ी खबर सुनने के लिए मिली है। बॉलीवुड में डब्यू नहीं करेंगी न्यासाः बॉलीवुड स्टार एक्टर अजय देवगन और काजोल की बेटी न्यासा को लेकर रोज कुछ न कुछ नया सुनने के लिए मिल ही जाता है। अभी जब हाल में उन्होंने अपना 19वां बर्थडे सेलिब्रेट किया था, तो उसकी फोटोज सोशल मीडिया पर जमकर वायरल होने लगी थी। इन फोटोज को लेकर खूब बातें भी हुई। अजय देवगन की बेटी न्यासा को लेकर कई दिनों से बोला जा रहा था कि वो जल्द ही बॉलीवुड में डब्यू कर सकती है। जिसको लेकर अब न्यासा के पिता अजय देवगन ने एक साक्षत्कार के बीच खुलासा किया था कि आवश्यकता नहीं है उनकी बेटी बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली है।

# मुंबई एयरपोर्ट पर दिखा नोरा का कूल लुक, फैंस भी हों गए दीवाने

इंडस्ट्री में ऐसी कई हसीनाएं जिन्हें देख ऐसा लगता है कि फैशन को खुद उनके साथ रहना अच्छा लगता है। इस लिस्ट में दिलबर गर्ल यानि अभिनेत्री नोरा फतेही का नाम भी शामिल हो चुका है। नोरा फतेही बी-टाउन में खुद को नए फैशन आइकन के रूप में स्थापित कर चुकी है। नोरा को स्टाइल में रहने के लिए किसी खास अवसर की प्रतीक्षा नहीं करतीं बल्कि उनका हर एक लुक बहुत कमाल का होता है।

फिर चाहे नोरा घर का सामान खरीदने बाहर निकलीं हो या फिर एयरपोर्ट पर स्पॉट हुई हों उनका लुक अक्सर ही हॉट टॉपिक बन ही जाता है।

दैनिक
न्यूज वायरस

न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, मेरठ के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक मौ. सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

सम्पादक :
मौ. सलीम सैफी
कार्यकारी सम्पादक
आशीष तिवारी
दूरभाष : 0135-2672002

email-dainiknewsvirus@gmail.com
RNI No.- UTTHIN/2012/44094
वाद-विवाद का न्याय क्षेत्र देहरादून न्यायालय मान्य होगा